**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 07.02.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- 

- सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के तहत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए तीन करोड़ 87 लाख से अधिक घरों को मंजूरी दी है।
- दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त ने उप–चुनावों के मद्देनजर कल और दस फरवरी को "शुष्क दिवस" घोषित किया है।
- अंडमान मैराथन 2026 के 10वें संस्करण का कल आयोजन किया जाएगा।
- डिगलीपुर में रबींद्रपल्ली गाँव को कृष्णपुरी गाँव से जोड़ने वाली ग्रामीण मार्ग को आज से एक महीने के लिए प्रतिबंधित किया गया है।

<><><><><><><>

सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के तहत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए तीन करोड़ 87 लाख से अधिक घरों को मंजूरी दी है। राज्यसभा में कल एक लिखित उत्तर में, ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डॉ. चंद्र शेखर पेम्मासानी ने कहा कि मंजूर किए गए घरों में से इस महीने की 2 तारीख तक दो करोड़ 95 लाख से ज़्यादा घर पूरे हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि पिछले पांच सालों में दो करोड़ 10 लाख 66 हज़ार से ज़्यादा घरों को मंज़ूरी दी गई है। ग्रामीण विकास मंत्रालय पहली अप्रैल, 2016 से प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण को लागू कर रहा है ताकि मार्च 2029 तक चार करोड़ 95 लाख घरों का निर्माण किया जा सके।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त ने आगामी उप–चुनावों के मद्देनजर मतदान और मतगणना के दिन "शुष्क दिवस" घोषित किया है। कल मतदान और 10 तारीख को मतगणना की जाएगी। यह आदेश फरारगंज तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत मन्नारघाट और होप टाउन के संपूर्ण क्षेत्र के अलावा श्री विजय पुरम नगरपालिका परिषद के वार्ड नंबर 17 के संपूर्ण क्षेत्र में लागू होगा। इस दौरान इन क्षेत्रों में स्थित किसी भी शराब की दुकान, होटल, रेस्तरां, क्लब या प्रतिष्ठान को शराब बेचने या परोसने की अनुमति नहीं

होगी। यह आदेश अनिडको, सीएसडी कैंटीन, रक्षा कैंटीन, पुलिस मेस और सभी निजी बार लाइसेंसधारियों पर भी लागू रहेगा।

<><><><><><><>

द्वीप समूह के सांसद बिष्णु पदा रे ने कैंपबेल बे में LPG गैस सिलेंडरों की तत्काल आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। उन्होंने कहा दिसंबर 2025 के बाद गैस की नियमित सप्लाई नहीं पुहंची है जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सांसद ने प्रशासन के मुख्य सचिव और पेट्रोलियम मंत्रालय से तुरंत हस्तक्षेप कर प्रर्याप्त एल पी जी गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

<><><><><><><>

बिजली विभाग ने आम जनता और उपभोक्ताओं को सूचित किया है कि, श्री विजया पुरम में बिजली की मांग को पूरा करने के लिए, प्रशासन द्वारा उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इन प्रयासों को जारी रखते हुए, कल बंबूफ़्लैट सब–स्टेशन परिसर में अतिरिक्त 4 MW क्षमता चालू की गई है, जिससे उपलब्ध क्षमता 41 MW से बढ़कर 45 MW हो गई है। यह वृद्धि विशेष रूप से ग्रामीण फीडरों को विश्वसनीय और निर्बाध बिजली आपूर्ति प्रदान करने में काफी मदद करेगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि वे PM सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत रूफटॉप सोलर स्थापित करें। यह पहल ऊर्जा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देती है।

<><><><><><><>

शिक्षा निदेशालय ने विम्बर्लीगंज के उप शिक्षा कार्यालय के तहत नॉर्थ बे में एक मोबाइल लाइब्रेरी सेवा का उद्‌घाटन किया। इस पहल का उद्देश्य आने वाले छात्रों, पर्यटकों और आम जनता के बीच पढ़ने की आदत डालना है। इस अवसर पर उप निदेशक शिक्षा अर्चना सिंह, विम्बर्लीगंज के उप शिक्षा अधिकारी डॉ. मनोहरन, बंबूफ्लैट जिला परिषद सदस्य, मरियम बीबी, और ग्राम पंचायत होपटाउन की प्रधान रशीदा के अलावा शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए, राज्य पुस्ताकालय की नोडल अधिकारी ने कहा लाइब्रेरी सेवा एक अनूठी पहल है जो पूरे द्वीपों में पुस्तकालय सेवाओं को मजबूत करने और पर्यटकों एवं स्थानीय निवासियों को आकर्षित करने के उद्देश्य से बनाई गई है। शिक्षा निदेशालय ने स्वराज द्वीप और कार निकोबार में दो अतिरिक्त मोबाइल पुस्तकालय शुरू करने का प्रस्ताव दिया है।

<><><><><><><>

अंडमान चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की ओर से प्रशासन के सहयोग से कल अंडमान मैराथन 2026 के 10वें संस्करण का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर द्वीपों के उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी कल सुबह पांच बजकर पन्द्रह मिनट पर सेलुलर जेल से इस कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाएंगे। प्रतिभागियों के लिए कल सुबह साढ़े चार बजे पहुंचने को कहा गया है। प्रतिभागियों को किट का वितरण आज नेताजी स्टेडियम में सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे के बीच किया जाएगा।

<><><><><><><>

डिगलीपुर में रबींद्रपल्ली गाँव को कृष्णपुरी गाँव से जोड़ने वाली ग्रामीण मार्ग पर स्थित क्षतिग्रस्त स्टील बेली ब्रिज की मरम्मत का कार्य शुरू किया जाएगा। इसको ध्यान में रखते हुए डिगलीपुर के उप मंडलीय अधिकारी ने इस मार्ग को आज से एक महीने के लिए बन्द का आदेश जारी किया है। इस अवधि के दौरान रबींद्रपल्ली और कृष्णपुरी गाँव के निवासियों सहित आम आज जनता के लिए क्षेत्र ये मार्ग प्रतिबंधित रहेगा।

<><><><><><><>

द्वीप प्रशासन ने डिगलीपुर के सीता नगर गांव के कुछ हिस्सों में जल आपूर्ति के बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने के लिए 3.66 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से मंज़ूरी दे दी है। इसमें 3.65 लाख लीटर क्षमता का एक साफ़ पानी का रिज़र्वॉयर और 1.05 लाख लीटर क्षमता के दो ओवरहेड टैंक बनाना शामिल है। इस प्रोजेक्ट में नए बने पानी के टैंकों को वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से जोड़ने का पूरा काम भी शामिल है, साथ ही पंपिंग की व्यवस्था भी की जाएगी। अंडमान लोक निर्माण विभाग ने इस परियोजना को बेहतर बनाने और इलाके में बढ़ती पानी की मांग को पूरा करने के लिए आम जनता से अपील की है कि वे पानी का इस्तेमाल कम से कम करें।

<><><><><><><>

शिक्षा विभाग की ओर से 'परीक्षा पे चर्चा'–2026 कार्यक्रम का कल टैगोर कॉलेज के सभागार में सीधा प्रसारण किया गया। इस सत्र में विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने भाग लेकर प्रधानमंत्री के प्रेरणादायक शब्दों से प्रेरणा ली। जिससे देश भर के छात्रों को एक साथ भाग लेने और इस अनोखे इंटरैक्टिव अनुभव से लाभ उठाने का मौका मिला। कार्यक्रम में PM SHRI गर्ल्स सीनियर सेकेन्डरी स्कूल स्वदेशनगर की छात्रा निस्सी फिलिप ने भी भाग लिया, जिन्हें द्वीप समूह से नई दिल्ली में कार्यक्रम में शामिल होने के लिए चुना गया था। इस अवसर पर DEO ज्ञान शील दुबे, ने कहा यह कार्यक्रम बड़े पैमाने पर छात्रों के लिए प्रेरणा

का स्रोत रहा, जो उन्हें आने वाली परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा। छात्रों से बातचीत करते हुए, परीक्षा पे चर्चा की नोडल अधिकारी, संगीता चंद ने बताया कि कुल 43,770 छात्रों, 4,938 शिक्षकों और 3,736 अभिभावकों ने पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कराया और सक्रिय रूप से भाग लिया।

**<><><><><><><>**

समाज कल्याण विभाग की ओर से महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए राज्य हब में अनुबंध के आधार पर रिसर्च एण्ड ट्रेनिंग स्पेशलिस्ट और जेंडर स्पेशलिस्ट के पद भरने के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन मांगे गए थे। दिए गए आवेदनों में से योग्य उम्मीदवारों की सूची समाज कल्याण निदेशालय के नोटिस बोर्ड पर दर्शा दी गई है। मूल प्रमाण पत्रों का सत्यापन 11 फरवरी को सुबह 10 बजे समाज कल्याण निदेशालय में रखा गया है उम्मीदवारों का साक्षात्कार शिक्षा सदन में रखा गया है। सभी उम्मीदवारों से 12 फरवरी, को सुबह साढ़े नौ बजे शिक्षा सदन में पहुंचने को कहा गया है।

**<><><><><><><>**

लाल बहादुर शास्त्री नेशनल एकेडमी ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, मसूरी के 10 IAS प्रोबेशनर्स (2025 बैच) के अधिकारियों ने कल लोक निवास में उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी से मुलाकात की। ये अधिकारी द्वीप समूह के  विंटर स्टडी टूर पर हैं।

**<><><><><><><>**